# 24 अगस्त को महाराष्ट्र बंद का आह्वान

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
■ वर्ष : 42 ■ अंक : 143 ■ गुरुवार, 22 अगस्त 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



## ■ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने की घोषणा

**मुंबई.** महाराष्ट्र के बदलापुर में हुए यौन शोषण के मामले को लेकर विवाद तेजी से बढ़ता जा रहा है. महा विकास अघाड़ी की एक बैठक में इस संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा की गई, जिसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने घोषणा की कि 24 अगस्त को महाराष्ट्र बंद का आह्वान किया गया है.

नाना पटोले ने अपने बयान में कहा कि बदलापुर में हुए इस यौन शोषण ने समाज को हिला कर रख दिया है. आज महाराष्ट्र में छोटी बच्चियां भी सुरक्षित नहीं हैं, जो बहुत ही चिंताजनक है. यह घटना महाराष्ट्र का अपमान है. प्रारंभिक तौर पर ऐसा लगता है कि सरकार ने इस मामले को दबाने की कोशिश की है क्योंकि यह शिक्षण संस्थान बीजेपी और संघ से जुड़ा है. इसी वजह से इस मामले को छिपाने के प्रयास हो रहे हैं. पटोले ने स्पष्ट किया कि वे इस घटना पर राजनीति नहीं करना चाहते, लेकिन सत्ता का दुरुपयोग साफ नजर आ रहा है.

उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र की छवि लगातार खराब हो रही है. छत्रपति शिवाजी महाराज, शाहू, फुले, और अंबेडकर के विचारों से प्रेरित महाराष्ट्र को अपमानित किया जा रहा है, जो अस्वीकार्य है.

इस मामले के विरोध में 24 अगस्त को महाराष्ट्र बंद का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें महाविकास अघाड़ी के सभी सहयोगी दल, विभिन्न संगठनों, स्कूलों, कॉलेजों, दुकानदारों, और नागरिकों की भागीदारी होगी. नाना पटोले ने यह विश्वास व्यक्त किया कि महाराष्ट्र के लोग अब इस अक्षम सरकार को उसकी सही जगह दिखाने के लिए तैयार हैं.

इस बीच, बदलापुर मामले में उज्ज्वल निकम को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया है. विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने इस नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए सरकार की आलोचना की है. उन्होंने कहा कि जिस शिक्षण संस्थान का यह मामला है, वह एक राजनीतिक पार्टी से जुड़ा हुआ है, और उसी पार्टी के एक वकील को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया है, जो पहले लोकसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं. वडेट्टीवार ने आशंका जताई कि अगर कल इस मामले को दबा दिया जाता है, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?

### कार्रवाई होती तो आंदोलन की जरूरत नहीं पड़ती



सुप्रिया सुले ने कहा कि स्कूल में घटना के तत्काल बाद यदि शिक्षा मंत्री ने कार्रवाई की होती तो आंदोलन की जरूरत नहीं पड़ती. यह दर्शाता है कि यह सरकार महिलाओं की सुरक्षा के बारे में बिल्कुल भी गंभीर नहीं है. सरकार आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय का इस्तेमाल कर घरों, पार्टियों को तोड़ने में व्यस्त है. बारामती से सांसद सुले ने घटना को लेकर फडणवीस की आलोचना की और पूछा कि शक्ति कानून का क्या हुआ जो पहले लाया गया था.

### बदलापुर आंदोलन राजनीति से प्रेरित -मुख्यमंत्री



विरोध प्रदर्शन के बारे में बोलते हुए मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा, दुर्भाग्य से, कल लाखों रेल यात्रियों को परेशानी हुई। ट्रेन 8-9 घंटे के लिए बंद थी। यह भी एक दुखद घटना है। उस ट्रेन में लाखों यात्री थे। बच्चे भी थे।ͅ उस ट्रेन में महिलाएँ और वरिष्ठ नागरिक थे। लेकिन मैं कहता हूँ कि विरोध राजनीति से प्रेरित था, क्योंकि जब कोई विरोध होता था, तो स्थानीय लोग उंगलियों पर गिने जाते थे और अन्य स्थानों से भी प्रदर्शनकारी आए थे हालाँकि मंत्री ने उनकी सभी माँगें मान लीं, लेकिन वे पीछे हटने को तैयार नहीं थे, इसका मतलब था कि वे सरकार को बदनाम करना चाहते थे।

# आरोपी को 26 अगस्त तक पुलिस हिरासत

■ कल्याण जीआरपी में 300 उपद्रवियों पर मामला दर्ज

■ सीसीटीवी के और वायरल वीडियो के जरिए उपद्रवियों की हो रही तलाश



**कल्याण.** बदलापुर प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी को बुधवार को कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच कल्याण कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे 26 अगस्त तक के लिए पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। बच्चियों के यौन शोषण के विरोध में मंगलवार को बदलापुर में प्रदर्शनकारियों ने दिन भर हंगामा कर उत्पात मचाया और पुलिस पर पत्थरबाजी कर गाड़ियों में तोड़फोड़ की, जिसके चलते दिनभर बदलापुर सुलगता रहा।

### वकीलों का वकालत नामा पेश करने से इनकार

आरोपी की पेशी के समय कल्याण के वकीलों ने वकालत नामा पेश करने से इनकार कर दिया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश जगताप ने इस जघन्य अपराध की कड़ी निंदा करते हुए वकीलों की ओर से वकालत नामा पेश करने से इनकार कर दिया, और कहा कि इस तरह घृणास्पद अपराध के लिए कल्याण का कोई भी वकील इस केस को नहीं लड़ेगा। वकीलों ने एफआईआर में हुए बारह घंटे की देरी को लेकर पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। इस दौरान कल्याण के वकील और पुलिसकर्मियों के बीच इस घटना को लेकर काफी बहस हुई।

# आरोपी का केस कोई वकील नहीं लड़ेगा



■ गिरफ्तार आंदोलनकारियों का लड़ेंगे केस

■ उल्हासनगर के वकीलों ने लाल पट्टी बांधकर जताया विरोध

**उल्हासनगर.** बदलापुर में यौन उत्पीड़न जैसे गंभीर मामले ने शहर में तनाव पैदा कर दिया है. हालांकि मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन गुस्साए नागरिक न्याय की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं. इस घटना के मद्देनजर उल्हासनगर, बदलापुर और कल्याण के वकीलों ने अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए इन प्रदर्शनकारियों के पक्ष में स्वतंत्र अदालती लड़ाई लड़ने का फैसला किया है। इस फैसले से न्याय की लड़ाई लड़ रहे नागरिकों को वकीलों का बड़ा समर्थन मिलेगा.

इस कठिन परिस्थिति में उल्हासनगर, बदलापुर और कल्याण में वकील संगठनों ने सामाजिक प्रतिबद्धता की मिसाल कायम की है। उन्होंने फैसला किया है कि वह प्रदर्शनकारियों से अदालत में मुफ्त में लड़ेंगे. वकील संगठनों ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए आंदोलन के साथ मजबूती से खड़े रहने का संकल्प लिया है। साथ ही वकील संजय सोनावणे, उमेश केदार, वैशाली बनसोडे, प्रवीण अटकले, कल्पेश माने, निखिल शिंदे, प्रियेश जाधव, महेश मालवे और अन्य वकीलों ने अपील की है कि कोई भी आरोपी अक्षय शिंदे का वकील न ले.

इस घटना के विरोध में उल्हासनगर कोर्ट में सभी वकीलों ने हाथों पर लाल पट्टी बांधकर अपना गुस्सा जाहिर किया. यह निर्णय उल्हासनगर में सामाजिक जागरूकता और न्याय के लिए लड़ने वाले वकीलों की इच्छा को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। इस कार्रवाई से पता चला कि न्याय के लिए लड़ने वालों के पीछे वकालत संगठनों का मजबूत समर्थन है।

# बदलापुर में स्थिति अब सामान्य -पुलिस उपायुक्त

■ प्रदर्शनकारियों पर अलग-अलग पुलिस थानों में मामले दर्ज

■ अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

■ सीसीटीवी फुटेज से नकली प्रदर्शनकारियों की तलाश शुरु

■ कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस मुस्तैद

**उल्हासनगर.** बदलापुर में मंगलवार को एक स्कूल के बाहर और रेलवे स्टेशन के पास हिंसक विरोध प्रदर्शन से शहर में अफरा-तफरी मच गई. इस मामले में बदलापुर पुलिस और कल्याण रेलवे पुलिस ने संयुक्त रूप से तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। बदलापुर ईस्ट पुलिस ने स्कूल के बाहर प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों और स्कूल की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया है. इसी तरह रेलवे स्टेशन के पास सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान



पहुंचाने का एक अलग मामला दर्ज किया गया है. तीसरा मामला कल्याण रेलवे पुलिस ने ट्रेन रोकने और रेलवे ट्रैक पर विरोध प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ दर्ज किया है. इस मामले में बदलापुर पुलिस ने करीब 40 लोगों को गिरफ्तार किया है और आगे की जांच जारी है.

उल्हासनगर परिमंडल 4 के उपायुक्त डॉ. सुधाकर पठारे ने नागरिकों से अफवाहों पर विश्वास न करने की अपील की है. शहर में सब कुछ सामान्य है। इंटरनेट सेवा बंद है, लेकिन सब कुछ उपलब्ध है और नागरिकों को अपनी सुविधा के अनुसार अपनी दैनिक गतिविधियां जारी रखनी चाहिए। पुलिस अपना कर्तव्य निभा रही है और यौन उत्पीड़न मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की जांच जारी है।

कल्याण रेलवे पुलिस ने मंगलवार को बदलापुर रेलवे ट्रैक पर प्रदर्शन कर रहे 300 से 400 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस ने 28 लोगों को गिरफ्तार किया है और उन्हें बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया है.

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने रेलवे ट्रैक को बाधित करने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, पथराव करने, पुलिस पर हमला करने और रेलवे सेवाओं को बाधित करने के आरोप में 300 से 400 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अब तक 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और आगे की जांच जारी है।

रेलवे पुलिस अधिकारियों ने कहा कि प्रदर्शनकारियों के सीसीटीवी फुटेज और वीडियो की बारीकी से जांच की जा रही है और स्पष्ट किया गया है कि मुख्य आंदोलनकारियों की पहचान होने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### आरोपी अक्षय शिंदे के घर पर हमला

**बदलापुर.** बदलापुर यौन प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी अक्षय शिंदे के बदलापुर स्थित निवासस्थान पर कुछ अज्ञात लोगों ने पथराव कर घर पर हमला किया है। ऐसी जानकारी सूत्रों ने दी है। ज्ञात हो कि आज 24 वर्षीय आरोपी अक्षय शिंदे को कल्याण सत्र न्यायालय में पेश किया गया जहां उसे 26 अगस्त तक रिमांड पर भेजा गया है.



पुलिस ने 28 आंदोलनकारियों को गिरफ्तार किया है और उन्हें बुधवार को रेलवे कोर्ट में पेश किया गया.

# विधायक समर्थक ने पुलिस में 10 के खिलाफ की शिकायत

■ बदलापुर प्रकरण में बदनामी करने का आरोप

■ सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर बदनामी

▸▸उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के विधायक डॉ. बालाजी किणीकर की प्रतिमा मलीन करने के लिए सोशल मीडिया पर गलत वीडियो प्रसारित करके समाज में गैरसमझ फैलानेवालों के खिलाफ विधायक के एक समर्थक राहुल सोमेश्वर ने शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में 10 लोगों के खिलाफ शिकायत की है. जिसकी जांच पुलिस कर रही है.

बदलापुर प्रकरण में कुछ विधायक के विरोधियों ने सोशल मीडिया पर गलत वीडियो डालकर जनता में गलत संदेश देने का कार्य करने पर दीपक पवार, योगेश गोरे, चंदा गान, दीपक धनवडे, प्रकाश वालुंज, मनोज, मोहन पाटिल, बंटी वालेकर, डावरे सर, ए. के. जंगम ऐसे 10 लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत की गई है. नए कानून के कलम अनुसार मानहानि व बदनामी की शिकायत की गई है. दूसरी ओर किणीकर के समर्थकों ने भी सोशल मीडिया द्वारा ये खुलासा किया है कि जनप्रतिनिधि होने के नाते किणीकर ने जनता के साथ रहकर सरकार के दरबार में न्याय दिलाने के लिए लड़ रहे हैं. बदलापुर में मोर्चे को हिंसक रूप ना दिया जाए इसके लिए स्वतः किणीकर ने उपस्थित रहकर नागरिकों एवं पुलिस प्रशासन को सहकार्य किया है.

# अंबरनाथ के पत्रकारों ने निषेध व्यक्त किया

■ वामन म्हात्रे को गिरफ्तार करने की मांग

**अंबरनाथ.** बदलापुर में 2 बच्चियों पर अत्याचार प्रकरण का समाचार देने वाली मुंबई के एक मराठी अखबार की महिला पत्रकार मोहिनी जाधव को बदलापुर शिवसेना शिंदे गुट के नेता और बदलापुर के पूर्व नगराध्यक्ष वामन म्हात्रे ने अपशब्द का प्रयोग करके गालीगलौज की और कहा कि तू ऐसी खबरें दे रही है, जैसे कि तुझ पर ही बलात्कार हुआ है. महिला पत्रकार बदलापुर पूर्व पुलिस स्टेशन गई वामन म्हात्रे के खिलाफ अपराध दर्ज करने को कहा. लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी राजकीय दबाव में पुलिस म्हात्रे के खिलाफ अपराध दर्ज नहीं कर रही है.

### बांह पर काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

अंबरनाथ के सभी पत्रकारों ने



बुधवार शाम 5 बजे काली पट्टी बांधकर म्हात्रे का निषेध व्यक्त करते हुए अंबरनाथ नपा के समक्ष एकत्रित होकर वामन म्हात्रे पर अपराध दर्ज करके उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की है. और कहा है कि क्या फिर से बदलापुर पुलिस बदलापुर में अशांति फैलानी चाहती है. मोहिनी ने मांग की है कि वामन म्हात्रे पर विनयभंग और एट्रासिटी का अपराध दर्ज किया जाए. उनका कहना है कि पुलिस मामले को दबाने का प्रयास कर रही है. विधायक किसन कथोरे ने भी इस घटना का निषेध किया है. अंबरनाथ के पत्रकार सुनिल अहिरे, सीजर लॉरेंस, अजयराव, यूसुफ शेख, राजेंद्र सूर्यवंशी, शत्रुघ्न उमप, निसार खान, पांडुरंग रानाडे, उस्मान शाह, उपाध्याय, भानुशाली आदि ने काली पट्टी बांध कर निषेध व्यक्त करते हुए पुलिस से अपील की है कि महिला पत्रकार को न्याय दिलाया जाए और वामन म्हात्रे पर अपराध दर्ज किया जाए. सुषमा अंधारे ने भी बदलापुर में कहा है कि वामन म्हात्रे को पुलिस जल्द से जल्द गिरफ्तार करे.

### 'मेरी भी राय फांसी की सजा है'



**मुंबई.** वरिष्ठ वकील उज्वल निकम ने कहा कि बेहद शर्मनाक घटा है यह कि दो नाबालिग बच्चियों अत्याचार हुआ है,उससे लगता है कि एक गंभीर घटना है और इंसानियत है या नहीं यह सवाल खड़ी करने वाली घटना है। जो घटना हुई वह कष्टदायक और दुखदायक है, लेकिन इस प्रकार की घटना दोबारा ना हो बल्कि देश में भी ना हो इसलिए सभी सरकारों को कुछ बातों पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। पहली बात यह है कि जहां छोटे बच्चे पढ़ते हैं, उनके वॉशरूम में जाने के लिए किस तरह की सेवा उपलब्ध है। हमेशा लेडिस असिस्टेंट को रखना चाहिए और सीसीटीवी की निगरानी होनी चाहिए.

### वामन म्हात्रे के खिलाफ मामला दर्ज



बदलापुर के पूर्व नगराध्यक्ष वामन म्हात्रे ने बदलापुर रेप कांड को कवर कर रही एक महिला पत्रकार को अपशब्द कहे थे. इस संबंध में उनके खिलाफ बदलापुर पूर्व थाने में एट्रोसिटी के तहत छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है.

# शौचालय के लिए 5 रुपए न देने पर पिता-पुत्र पर फेंका एसिड

■ युवक की आंख में गंभीर चोट

**बदलापुर.** रेलवे स्टेशन के शौचालय में शौच करने के बाद 28 वर्षीय युवक ने 5 रुपए नहीं दिए, जिसके कारण शौचालय ठेकेदार व उसके 15 वर्षीय बेटे ने मिलकर युवक की पिटाई कर दी और उसके चेहरे पर एसिड फेंक दिया, जिससे उसकी आंख गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना बदलापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर बने शौचालय में हुई. पुलिस ने इस मामले में योगेश कुमार चंद्रपाल सिंह (उम्र 47) को गिरफ्तार कर लिया है.

रेलवे पुलिस के मुताबिक, आरोपी योगेश कुमार बदलापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर टॉयलेट चलाने वाला ठेकेदार है. शिकायतकर्ता विनायक बाविस्कर (28) 19 अगस्त को सुबह शौचालय गए थे। शौच करने के बाद ठेकेदार ने विनायक से 5 रुपये की मांग की. लेकिन विनायक के पास 5 रुपये छुट्टे नहीं थे. इसके बाद उनके बीच तीखी बहस हो गई. जिसके बाद पिता-पुत्र ने मिलकर विनायक को बुरी तरह पीटा और बाथरूम साफ करने वाला तेजाब उसके चेहरे पर फेंक दिया. इस हमले में विनायक की आंख गंभीर रूप से घायल हो गई. उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है.

लड़के को बाल सुधारगृह भेजा गया

घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली तो वह मौके पर पहुंची और पंचनामा कर पिता-पुत्र



को कब्जे में ले लिया। इसके बाद विनायक की शिकायत पर थाने में धारा 124(1) 352, 115(2), 3(5) बीएनएस 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया. इस अपराध के आधार पर शौचालय चालक योगेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया. उनके 15 साल के बेटे को भिवंडी चिल्ड्रन रिफॉर्मेटरी में भेज दिया गया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक पंधारी कांडे ने बताया कि आरोपी योगेश कुमार को कल्याण रेलवे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# 'लाड़ली बहिन योजना का पैसा जनता का'

**कांग्रेस के रोहित साल्वे ने की विधायक बालाजी किणीकर के प्रचार स्टंट की आलोचना**

■ आदिवासी बहनों ने मुख्यमंत्री के कटआउट को बांधी राखी

**उल्हासनगर.** लाड़ली बहिन योजना का पैसा सत्ताधारियों ने अपनी जेब से नहीं दिया है बल्कि जनता का पैसा जनता को वापस दिया जा रहा है। कांग्रेस के उल्हासनगर जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे ने आदिवासी महिलाओं से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कटआउट पर राखी बंधवाने के अंबरनाथ विधायक बालाजी



किणीकर के प्रचार स्टंट को निंदनीय बताया है।

जैसा कि हिंदू संस्कृति में, बहन भाई को राखी बांधती है और भाई अपनी कमाई से उसे भेंटस्वरूप पैसे देता है और उसकी रक्षा करने का वादा करता है। लेकिन वर्तमान समय में महिलाओं को सरकारी पैसा देकर मानो सत्ताधारी अपनी जेब से पैसा दे रहे हैं। यह पैसा सरकार का है और इसे आपको देकर कोई लाभार्थी महिलाओं पर एहसान नहीं कर रहा है। रोहित साल्वे ने विधायक बालाजी किणीकर पर हमला बोलते हुए कहा है कि इन महिलाओं को यह लाभ इसलिए मिल रहा है क्योंकि वे पात्र हैं।

शिंदे समूह के अंबरनाथ विधायक बालाजी किणीकर ने मुख्यमंत्री का एक कटआउट तैयार किया. जिन महिला बहनों को लाड़की बहिन योजना से पैसा मिला है, उनसे मुख्यमंत्री के इस कटआउट पर राखी बांधने के लिए कहा जा रहा है. आदिवासी बहनों से विधायक बालाजी किणीकर ने मुख्यमंत्री के इस कटआउट को राखी बंधवाई. कांग्रेस के उल्हासनगर जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे ने आलोचना करते हुए कहा है कि इस तरह का पब्लिसिटी स्टंट बेहद निंदनीय है.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास संपादकीय

## जम्मू-कश्मीर में आतंक का जहर

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ अभियान के संदर्भ में सरकार के दावे चाहे जो हों, हकीकत यह है कि वहां आज भी आए दिन आतंकवादियों के हमले हो रहे हैं और उसमें सुरक्षा बलों के जवान और अधिकारी शहीद हो जाते हैं। गौरतलब है कि सोमवार को उधमपुर में आतंकियों ने नियमित गश्ती पर निकली सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त टुकड़ी पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें एक इंस्पेक्टर की जान चली गई। इससे एक बार फिर यही जाहिर हुआ है कि राज्य में आज भी आतंकवादी संगठनों का दंश देश के सुरक्षा बलों को झेलना पड़ता है। पिछले हफ्ते चौदह अगस्त को भी सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में सेना का एक अधिकारी शहीद हो गया था। इससे पहले डोडा में मुठभेड़ के दौरान एक कप्तान सहित पांच जवान शहीद हो गए थे। पिछले चार महीने में बीस जवान शहीद हो चुके हैं। जम्मू क्षेत्र आमतौर पर कई वर्षों से कश्मीर की अपेक्षा ज्यादा शांत रहा है। मगर बीते कुछ समय से इसके कुछ इलाकों में भी आतंकी गतिविधियां बढ़ी हैं। हालांकि पिछले कुछ समय से आतंकी हमलों में तेजी का एक कारण यह भी हो सकता है कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो गई है। लोकसभा चुनावों में मतदान के रुझान से विधानसभा चुनावों में भी लोगों के बढ़-चढ़ कर भाग लेने की उम्मीद बन रही है। अगर राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती मिलती और उसमें जन-भागीदारी बढ़ती है, तो यह आतंकवाद में लगे गिरोहों के लिए एक प्रतिकूल स्थिति होगी। इसलिए आए दिन सुरक्षा बलों पर या फिर रोजी-रोटी की उम्मीद में बाहर से वहां गए प्रवासी लोगों पर लक्षित हमले करके जम्मू-कश्मीर में शांति और सहजता की स्थिति को भंग करने की कोशिश की जाती है।

सरकार को आतंकियों के खिलाफ अभियानों की रणनीति तय करते हुए इस पहलू को भी ध्यान में रखना होगा कि स्थानीय लोगों के बीच आतंकवाद के खिलाफ जो राय बन रही है, उसे मजबूत किया जाए, ताकि राज्य में इस समस्या से निपटने में कारगर मदद मिले।

# सुप्रीम कोर्ट का निर्णय कई मायनों में क्रांतिकारी

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति में आरक्षण वर्गीकरण की बहस, जो लंबे समय से चली आ रही थी, को सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय से दूर कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 6:1 के बहुमत के फैसले में कहा कि राज्यों को राष्ट्रपति ने सूची में अधिसूचित अनुसूचित व अनुसूचित जनजातियों को उपवर्गीकृत करने की अनुमति प्रदान कर दी है, ताकि उन्हें सार्वजनिक रोजगार और शिक्षा में 'अधिक' अधिमान्यता प्रदान की जा सके।

यह निर्णय कई मायनों में क्रांतिकारी साबित होगा, क्योंकि देश में वंचित तबकों के अंदर कई तरह के सामाजिक समुदाय जैसे, कामगार, हुनरमंद, कारीगर और बागवानी आदि करने वाले वर्ग सामाजिक न्याय की नीतियों और राजनीति को दुरुस्त करने के लिए लंबे समय से मुखर हैं, लेकिन उन समुदायों की समाज व राजनीति में अदृश्यता है। इसलिए देश की संसद तक उनकी आवाज नहीं आ पाती है। इससे उन आवाजों को भी बल मिलेगा और उन पर विचार किया जा सकेगा। वर्ष 2004 में सुप्रीम कोर्ट की ईवी चिनैया की पांच सदस्यीय पीठ ने अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत वर्गीकरण पर रोक लगा दी थी, जबकि इस निर्णय में मुख्य न्यायाधीश ने कहा, 'अनुच्छेद 341(2) एक एकीकृत समरूप वर्ग नहीं बनाता है। ऐतिहासिक और अनुभवजन्य साक्ष्य दर्शाते हैं कि अनुसूचित जातियां सामाजिक रूप से विषम वर्ग हैं। इस प्रकार,



अनुच्छेद 15(4) और 16(4) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए राज्य अनुसूचित जातियों को और वर्गीकृत कर सकता है।' मुख्य न्यायाधीश ने उपवर्गीकरण का विरोध करने वाले अनुसूचित समुदायों के विषय पर कहा कि उनका 'रवैया' ट्रेन के सामान्य डिब्बे में बैठे व्यक्ति जैसा है। सबसे पहले, डिब्बे के बाहर के लोग अंदर जाने के लिए संघर्ष करते हैं। एक बार वे अंदर पहुंच जाते हैं, तो बाहर के लोगों को उसमें प्रवेश करने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं।

आरक्षण वर्गीकरण के विरोध में कई तरह के भ्रामक तर्कों से वर्गीकरण की बहस को भटकाया जा रहा है, जबकि हमें फैसले को इस तरह से भी देखने की जरूरत है कि सर्वोच्च न्यायालय ने जाति पदानुक्रम के सबसे निचले पायदान पर स्थित सबसे कम सुविधा प्राप्त समुदायों की चिंताओं को सामने लाकर न्याय की खोज को और गहरा कर दिया है। विरोधी रुख उनके ही वर्ग के अति वंचित वर्गों में उनके लिए अविश्वसनीयता पैदा कर रहा है, जबकि विरोधी रुख अपनाने वालों को सोचना चाहिए कि इससे उनकी असांविधानिक व्यवस्था के खिलाफ लड़ाई को और मजबूती मिलेगी, क्योंकि उनके साथ वे लोग भी खड़े मिलेंगे, जो अब तक उनकी मुहिम में साथ खड़े नहीं दिखाई देते थे, उसका प्रमुख कारण था कि वे मुख्य व्यवस्था का हिस्सा ही नहीं बन पाए थे। अलग-अलग राज्यों में अनुसूचित जाति की जातियां सामाजिक-राजनीतिक रूप से बेहद सक्रिय हैं। जैसे महाराष्ट्र में तीन दर्जन से अधिक जातियां शामिल हैं, लेकिन महार और मातंग सबसे प्रमुख हैं। इनकी साक्षरता दर तुलनात्मक रूप से उच्च है। वहीं अनुसूचित जनजाति में गोंड और भील, दो सबसे बड़ी जनजातियां हैं, जबकि राजस्थान की राज्य सूची में कुल 59 अनुसूचित जातियां शामिल हैं, लेकिन मेघवाल सबसे बड़ा अनुसूचित जाति समुदाय है, जिसकी सामाजिक-राजनीतिक स्थिति अन्य के मुकाबले बेहतर है। वहीं अनुसूचित जनजाति में मीणा सबसे प्रमुख जनजाति है, दर्जनों विधानसभा सीटों पर चुनावी नतीजों को प्रभावित करती है। समुदाय की देश भर में पुलिस और नौकरशाही में महत्वपूर्ण उपस्थिति है। उत्तर प्रदेश और बिहार में जाटव, पासी और दुसाध सबसे प्रमुख और सामाजिक-राजनीतिक रूप से सक्रिय जातियां हैं, जबकि इन्हीं राज्यों में मुसहर, सपेरा, बहेलिया, कलाबाज, वाल्मीकि और बदवाल आदि दर्जनों जातियां बेहद कमजोर स्थिति में हैं।

न्यायमूर्ति बीआर गवई ने कहा, 'लाभार्थी समूहों के भीतर असमानताओं की जमीनी हकीकत इतनी स्पष्ट है कि इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि एक नौकरशाह और एक शारीरिक मजदूर के बच्चे के साथ एक जैसा व्यवहार करना, भले ही दोनों अनुसूचित जाति समुदाय से हों, सांविधानिक जनादेश को पराजित करेगा।'





प्रभु के प्रेम को अपने आसपास के लोगों में फैलाने के बहुत सारे तरीके हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# लेटरल एंट्री भर्ती को लेकर सियासत

विभिन्न मंत्रालयों में सचिव, उपसचिव और निदेशक के लिए सीधी भर्ती यानी 'लेटरल एंट्री' को आखिरकार सरकार ने रोक दिया है। पिछले हफ्ते चौबीस मंत्रालयों में ऐसे पैंतालीस पदों पर भर्ती के लिए संघ लोक सेवा आयोग ने विज्ञापन निकाला था, जिसे उसने अब रद्द कर दिया है। विपक्ष ने आरोप लगाया था कि सरकार इस तरह अपने पसंदीदा लोगों को भर्ती करना चाहती है। इससे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े समुदाय के लोगों के लिए संविधान में मिले आरक्षण के प्रावधान का उल्लंघन होगा। इस मसले पर सरकार के सहयोगी दलों ने भी विरोध में आवाज उठानी शुरू कर दी थी।

दो दिन तक इसके अलग-अलग पक्षों पर खूब बहस हुई। अब सरकार ने यूपीएससी को पत्र लिख कर कहा है कि इन भर्तियों में भी सामाजिक न्यायका ध्यान रखा जाना जरूरी है। जाहिर है, इसे विपक्ष अपनी विजय के रूप में रेखांकित कर रहा है, मगर हकीकत यह है इसे सत्तापक्ष की पराजय नहीं कहा जा सकता। सत्तापक्ष ने केवल पैंतरा बदला है। यूपीएससी को लिखी कार्मिक मंत्रालय की चिट्ठी से जाहिर है कि सीधी भर्तियां तो होंगी, मगर आरक्षण का ध्यान रखते हुए। ऐसे में इस सवाल का जवाब शायद ही मिल पाए कि आखिर मंत्रालयों में इतने बड़े पैमाने पर बाहर के लोगों की सीधी भर्ती का औचित्य क्या है!

मंत्रालयों में सीधी भर्ती का प्रावधान इसलिए किया गया था कि इस तरह निजी क्षेत्रों या दूसरे संस्थानों में काम कर रहे विशेषज्ञों की सेवाएं ली जा सकें। पहले भी सीधी भर्तियां होती रही हैं। ऐसे लोगों




को तीन से पांच वर्ष तक की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति या तदर्थ आधार पर नियुक्त किया जाता है। अब बदलती जरूरतों के मुताबिक अनेक क्षेत्रों में तकनीकी विशेषज्ञता की दरकार बढ़ी है। इसी तर्क पर नई भर्तियां विज्ञापित की गई थीं। मगर इन्हें लेकर विवाद इसलिए भी उठा कि पहले ही विभिन्न मंत्रालयों में अनेक सीधी भर्तियां की जा चुकी हैं।

सीधी भर्ती का अर्थ यह नहीं माना जाना चाहिए कि नियमित आधार पर भर्ती लोगों की योग्यता को नजरअंदाज कर दिया जाए। मंत्रालयों का कामकाज नौकरशाही के बल पर ही चलता है और उसमें विभिन्न अनुशासनों के लोग होते हैं। तकनीकी क्षेत्रों के लोगों की भी उसमें कमी नहीं है। फिर, बदलती जरूरतों के मुताबिक इन अधिकारियों को कौशल विकास के लिए विदेशों में भेज कर प्रशिक्षण भी दिया जाता है। ऐसे में बड़ी तादाद में बाहर से लोगों को लाने पर सवाल उठना स्वाभाविक है।


सीधी भर्तियों के मामले में स्वाभाविक रूप से यह आरोप लगाना आसान हो जाता है कि ऐसे लोग प्रायः सरकार की इच्छा के अनुरूप ही काम करते हैं। फिर, ऊंचे पदों पर बाहर से लोगों को लाने की वजह से नियमित प्रशासनिक अधिकारियों की पदोन्नति के अवसर काफी सिकुड़ जाते हैं। हर नौकरशाह चाहता है कि वह मंत्रालयों में अपनी सेवाएं दे, मगर सीधी भर्ती से लोगों को लिए जाने के कारण उन्हें वह मौका नहीं मिल पाता। इस बात को लेकर भी प्रशासनिक अधिकारियों में असंतोष देखा जाता है। कई महत्त्वपूर्ण विभागों में सचिव स्तर पर पदोन्नति के बजाय लंबा कार्य विस्तार देखा जाने लगा है। अच्छी बात है कि सरकार ने सीधी भर्ती की प्रक्रिया पर विराम लगा दिया है, मगर उससे ठहर कर इस पर भी विचार करने की अपेक्षा की जाती है कि नियमित प्रशासनिक अधिकारियों की योग्यता और अपेक्षाओं का पारदर्शिता के साथ मूल्यांकन हो।

# दुनिया की सबसे बुजुर्ग इंसान की मौत, 117 साल थी उम्र

इंसान चाहे 10 साल का हो या 100 साल का, जब वो मरता तो उसके परिवारवालों के लिए वो ऐसा दुख होता है जिसे वो कभी नहीं भुला सकते. स्पेन की एक महिला की, जिसने 117 साल की उम्र में दुनिया छोड़ दी. वो दुनिया की सबसे बुजुर्ग महिला थी. डेली स्टार न्यूज वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार स्पेन की मारिया ब्रान्यास मोरेरा की हाल ही में मौत हो गई. वो 117 साल की थीं और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने उन्हें 2023 में दुनिया की सबसे बुजुर्ग इंसान का दर्जा दिया था. इससे पहले ये रिकॉर्ड फ्रांस की पूर्व नन लुसाइल रैंडम के नाम था जिनकी मौत 118

### जरा हट के

साल की उम्र में हुई थी. मारिया की मौत के बाद अब दुनिया के सबसे बुजुर्ग इंसान जापान के टोमिको इटूका बन गए हैं जो 116 साल के हैं. मारिया का जन्म 1907 में अमेरिका में हुआ था. उनका परिवार मेक्सिको से अमेरिका आ गया



था. 1915 में उनका परिवार स्पेन लौट गया. वो बार्सिलोना में बसे जहां मारिया ने 1931 में एक डॉक्टर से शादी की थी. कपल 4 दशक तक साथ रहे मगर 72 की उम्र में उनके पति की मौत हो गई. मारिया के 3 बच्चे थे, 11 नाती-पोते और कई पर-नाती, पर-पोते भी थे. सबसे ज्यादा रोचक बात ये है कि उन्होंने 2 विश्व युद्ध देखे और कई तरह की महामारियों को भी झेला. ट्विटर पर उनके परिवार ने इस दुखद खबर की सूचना दी. परिवार ने कहा कि मारिया सबको छोड़कर चली गईं. वो उसी तरह गईं, जिस तरह वो चाहती थीं, नींद में, शांति से बिना दर्द के. परिवार ने लिखा कि कुछ दिनों पहले मारिया ने कहा था कि एक दिन ऐसा आएगा जब मौत उन्हें खोज लेगी और वो इस दुनिया में नहीं होंगी. उनकी ये लंबी यात्रा खत्म हो जाएगी. "वो चाहती थीं कि जब मौत उन्हें मिले तो वो हंसती रहें, संतुष्ट रहें और आजाद रहें", परिवार ने लिखा.

19 अगस्त को मारिया के अकाउंट से उनके हवाले से लिखा गया कि वो कमजोर महसूस कर रही हैं और उन्हें लग रहा है कि उनका वक्त आ रहा है. उन्होंने सबसे कहा कि कोई भी उनके लिए न रोए क्योंकि उन्हें आंसू नहीं पसंद हैं.

# आपकी त्वचा को चमका सकती है इमली





## जान लें इस्तेमाल करने का सही तरीका

इमली खाने के स्वाद को दोगुना करने का काम करती है। ये बात तो हर कोई जानता है, लेकिन क्या आपको पता है कि स्वाद से अलग इमली आपकी स्किन के लिए भी फायदेमंद हो सकती है?

आइए जानते हैं कैसे इमली आपकी स्किन को फायदा पहुंचाती है, साथ ही जानेंगे स्किन केयर के लिए आप किस तरह इसका इस्तेमाल कर सकते हैं-

### कैसे है फायदेमंद?

### नेचुरल एक्सफोलिएशन

इमली नेचुरल हाइड्रॉक्सी एसिड (AHAs) से भरपूर होती है, जो स्किन को एक्सफोलिएट करने का काम करते हैं। इससे डेड स्किन सेल्स का सफाया होता है और आपकी त्वचा अधिक चमकदार, साफ और निखरी नजर आती है।

### एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर

इमली एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है। ये एंटीऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान को बेअसर कर स्किन पर एजिंग के लक्षणों को कम करने में मदद करते हैं।

### विटामिन सी

इमली में विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। वहीं, ये खास विटामिन त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद है। विटामिन सी पिगमेंटेशन को कम करने, स्किन की रंगत में सुधार करने, एक्ने-पिंपल की परेशानी को कम करने और स्किन को चमकदार बनाए रखने में योगदान करता है।

### हाइड्रेशन

इन सब से अलग इमली में प्राकृतिक मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं, जो त्वचा को हाइड्रेटेड रखने और शुष्कता को रोकने में मदद करते हैं।

### कैसे करें इस्तेमाल?

**स्किन केयर के लिए आप कई तरह से इमली का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले इमली से बीज अलग कर पल्प को 10 से 15 मिनट के लिए पानी में भिगोकर रख दें। इसके बाद इस पल्प को मिक्सर में डालकर बारीक पेस्ट बना लें।**

### शहद

तैयार इमली के पेस्ट में थोड़ा शहद मिलाएं और इसे स्किन पर मास्क की तरह लगा लें। 20 से 25 मिनट बाद मसाज करते हुए मास्क को पानी से धो लें।

### दही

आप इमली के पेस्ट में दही मिलाकर इसे चेहरे पर लगा सकते हैं। तैयार मिश्रण को केवल 15 मिनट चेहरे पर लगाकर रखें। इसके बाद हल्की मसाज करते हुए गुनगुने पानी से मुंह धो लें।

### बेसन और हल्दी

आप इमली के पल्प में एक चम्मच बेसन और एक चुटकी हल्दी मिलाकर भी फेस पैक तैयार कर सकते हैं। इसे चेहरे पर लगाएं 20 मिनट तक लगा रहने दें और फिर हल्के गुनगुने पानी से मुंह धो लें। घर पर तैयार इन नेचुरल फेस मास्क का इस्तेमाल करने से आपको कुछ ही समय में कमाल के नतीजे देखने को मिल सकते हैं।

# पंचमेवा पाग

खाना-खजाना

**कृष्ण के जन्माष्टमी का पर्व इस साल 26-27 अगस्त को मनाया जाएगी। इस मौके पर कुछ लोग पाग भी तैयार करते हैं। ऐसे में आप पंचमेवा पाग तैयार कर सकते हैं।**

### सामग्री :

- दो कप कद्दूकस किया हुआ सूखा नारियल
- दो कप मखाने
- डेढ कप मूंगफली
- दो कप खरबूजे के बीज
- एक कप बादाम
- आधा कप गोंद
- चार कप चीनी
- एक कप घी
- आधा कप खसखस
- 10 से 12 इलाइची पाउडर

### विधि :

पंचमेवा पाग बनाने के लिए आप सबसे पहले एक कढ़ाही में घी डालकर गरम करें। फिर घी के गरम होने पर इसमें मखाने अच्छे गोल्डन ब्राउन होने तक सेक लें। फिर सिके हुए मखानों को प्लेट में निकालें। अब गोंद तलने के लिए गैस बंद करके घी को हल्का ठंडा करें। फिर मीडियम गरम घी में गोंद को सेक लें। अच्छे से सिकने के बाद गोंद को एक प्लेट में निकाल



लें। अब घी में बादाम डालकर मीडियम आंच पर हल्के डार्क और फूलने तक भूनें। बादाम के फूलते और रंग में बदलाव आने पर गैस बंद कर दें और इसे भी एक प्लेट में निकाल लें। फिर खरबूजे के बीज को भी हल्के गरम घी में सेक लें। इसी के साथ इसमें कद्दूकस किया हुआ नारियल और खसखस डाल लें।सारी चीजों को मिलाते हुए कम आंच पर भूनिए। सारी चीजों को भूनने के बाद चाशनी तैयार करें। इसके लिए कढ़ाही में चीनी और पानी डालें। चीनी को पानी में पूरी तरह से घुलने तक पकाएं। अब भूनी हुई मेवा ठंडी हो जाए तब इन्हें हल्का तोड़ें। अब चाशनी चैक करें, अगर इसका लंबा तार बनता है तो चाशनी तैयार है। इस पाग को जमाने के लिए थालियों में घी लगाकर चिकना कर लें। फिर तैयार चाशनी में मेवे डालें। इसमें इलाइची पाउडर डालकर मिला लें। धीमी आंच पर इस मिक्स को पकाएं। मिक्स को जमने के लिए थालियों में डालकर फैलाएं। ठंडा होने के बाद इसे टुकड़ों में काट लें। पाग तैयार है।

# वजन घटाने के लिए पिएं पिपली का पानी

**वजन घटाने के लिए लोग क्या नहीं करते। डाइट सही करते हैं, एक्सरसाइज करते हैं और तमाम प्रकार के उपायों को अपनाते हैं जिससे वेट लॉस में मदद मिले। ऐसे ही उपायों में से एक है इस मासले का पानी पीना। दरअसल, इस मसाले को उबालकर पीना मेटाबोलिज्म को तेज करने और फिर शरीर के टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद कर सकता है। इतना ही नहीं ये त्वचा से जुड़ी कई समस्याओं में भी कारगर है। तो आइए जानते हैं क्या है ये मसाला, कैसे बनाएं इसका पानी और फिर इसे पीने के फायदे।**



पिपली, जिसे पिपली या पाइपर लोंगम के नाम से भी जाना जाता है, एक जड़ी बूटी है जिसका उपयोग वजन घटाने सहित विभिन्न स्वास्थ्य लाभों के लिए आयुर्वेदिक चिकित्सा में किया जाता है। ये वेट लॉस में काफी कारगर तरीके से काम करता है। जैसे कि-

- पिपली भूख को कम करने और तृप्ति की भावना को बढ़ाने में मदद कर सकती है, जिससे कैलोरी का सेवन कम हो जाता है।
- पिपली के एक्टिव इंग्रीडिएंट है मेटाबॉलिज्म को बढ़ा सकते हैं, जिससे आपके शरीर को अधिक कैलोरी जलाने में मदद मिलती है।
- पिपली फैट कोशिकाओं को तोड़ने, फैट के स्टोरेज को कम करने और इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करने में सहायता कर सकती है।
- पिपली के सूजन-रोधी गुण पाचन में सुधार कर सकते हैं, सूजन को कम कर सकते हैं और स्वस्थ आंत का समर्थन कर सकते हैं। इससे भोजन अच्छी तरह से पचता है और वेट लॉस में मदद मिलती है।
- पिपली के एडाप्टोजेनिक गुण तनाव को प्रबंधित करने में मदद कर सकते हैं, जो वजन बढ़ने का एक आम कारण है।

### वजन घटाने के लिए पिपली का उपयोग कैसे करें

- दो सूखे पीपली के बीजों को गर्म पानी में 5-7 मिनट तक भिगोकर रखें।
- इसके बाद इसी पानी को उबाल लें।
- इसे छानकर, शहद मिलाकर सुबह खाली पेट पिएं।

आप पिपली के पानी के अलावा पिपली को पीसकर दूध में मिलाकर भी पी सकते हैं। इसके अलावा आप शहद में पिपली का पाउडर मिलाकर पी सकते हैं। ये शरीर में गर्मी पैदा करने के साथ वेट लॉस करने में मददगार है।

# ब्रिस्क वॉक कैसे किया जाता है?



### कितनी हो स्पीड और कितने समय तक करना चाहिए

ब्रिस्क वॉक यानी तेज गति से चलना। ब्रिस्क वॉक की खास बात ये है कि ये हर इंसान के लिए फायदेमंद है। ब्रिस्क को करने से आपके वेट मैनेज होता है तो दिल की सेहत भी अच्छी रहती है। ये ऊर्जा बढ़ाने और तनाव कम करने का एक शानदार तरीका है। साथ ही ये स्किन के लिए भी फायदेमंद है। पर बहुत से लोगों को ब्रिस्क वॉक का सही तरीका नहीं मालूम होता। ऐसी स्थिति में आप इन टिप्स की मदद से आप ब्रिस्क वॉक को बेहतर तरीके से कर सकते हैं, जिससे कि शरीर को इसका फायदा मिले। पर उससे पहले जान लेते हैं ब्रिस्क वॉक कैसे किया जाता है

### ब्रिस्क वॉक

- वार्म-अप से शुरुआत करें। अपनी मांसपेशियों को ढीला करने के लिए 5-10 मिनट तक इत्मीनान से चलें।
- धीरे-धीरे अपनी चाल को तेज गति तक बढ़ाएं जिससे आपकी हृदय गति बढ़ जाती है।
- अपना सिर ऊपर, कंधे टाइट और पूरा शरीर सीधा रखें।
- एड़ी से प्रेशर करने के बजाय, अपने पैर के मध्य या सामने के हिस्से पर प्रेशर डालते हुए चलें। इससे प्रभाव कम होता है और दक्षता में सुधार होता है।
- अपने हाथों को 90 डिग्री के कोण पर पकड़ें और अपने शरीर को पार करने से बचाते हुए उन्हें आगे और पीछे की ओर झुकाएं।
- गहरी सांस लें, 2-3 कदम पर सांस लें और 2-3 कदम तक सांस छोड़ें।
- अपनी मंजिल पर ध्यान केंद्रित करें, अपनी आंखें आगे रखें और अपनी गति लगातार रखें।
- ब्रिस्क वॉक में तेज गति से चलना होता है। तेज गति से चलने का मतलब है कि आप सामान्य से अधिक तेज चलें। आपकी गति, कुछ हद तक, आपके फिटनेस स्तर से निर्धारित होती है। कई फिटनेस विशेषज्ञ तेज चलने की गति को 100 कदम प्रति मिनट या 3 से 3.5 मील प्रति घंटा मानते हैं।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष :** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। किस्मत मेहरबान रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। पुराना रोग उभर सकता है।

**वृषभ :** व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**मिथुन :** पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं।

**कर्क :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**सिंह :** कुसंगति से हानि होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा। उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या :** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। महिला वर्ग रसोई में कार्य करते समय सर्तक रहे। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**तुला :** जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक :** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी अपरिचित पर अतिविश्वास न करें। आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें। चोट व रोग से बचें।

**धनु :** किसी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। अज्ञात भय सताएगा। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**मकर :** आय में निश्चितता रहेगी। लेन-देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दुःखद समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। कार्य में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**कुंभ :** आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। चोट व रोग से बचें। सुख के साधन जुटेंगे। घर में तनाव रह सकता है।

**मीन :** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### ऑनलाइन मंगाया सामान, आधी रात घर पर धमकी यूपी एसटीएफ, हिरासत में पूरा परिवार

**भदोही.** लखनऊ एसटीएफ की टीम ने भदोही में आधी रात के बाद एक घर पर छापा मारकर परिवार के छह लोगों को हिरासत में लिया है। कहा जा रहा है कि इस परिवार ने ऑनलाइन कोई सामान मंगाया था। सामान क्या था, एसटीएफ को उस सामान को लेकर क्या इनपुट मिला था, इसे लेकर कोई जानकारी अफसरों की तरफ से फिलहाल नहीं दी जा रही है। सुरियावां थाने के पास स्थित एक ही परिवार के लोग सौन्दर्य प्रसाधन व जनरल स्टोर की कई दुकानें संचालित करते हैं। इन लोगों ने ऑनलाइन कुछ सामान मंगाया गया था। इसके बाद आधी रात के बाद बुधवार की भोर में करीब चार बजे एसटीएफ टीम ने कारोबारी के यहां दबिश दे दी। परिवार के छह लोगों को हिरासत में लिया गया।

### युवकों ने चलती कार में नाबालिग से किया गैंगरेप

**झांसी.** झांसी से मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां तीन युवकों ने चलती कार में एक युवती के साथ गैंगरेप किया। वारदात को अंजाम देने के बाद उसे गाड़ी से बाहर फेंक दिया। साथ ही उसे जान से मारने की धमकी भी दी। ये घटना प्रेमनगर थाना क्षेत्र का है। पीडिता के परिजनों ने बताया कि युवती मंगलवार सुबह शौच के लिए गयी थी और इसी दौरान तीन युवकों ने उसको जबरदस्ती खींचकर कार में डाल लिया तथा कार में ही उसके साथ दुष्कर्म किया। अपराध को अंजाम देने के बाद तीनों युवक पीड़िता को रक्सा थानाक्षेत्र में करौंदी माता मंदिर के पास छोड़ कर चले गये और जाते समय पीड़िता को धमकी देकर गये कि अगर उसने किसी से भी इस बारे में बताया तो उसकी बहन के साथ भी ऐसा ही करेंगे। इसके बाद परिजनों ने पूरे मामले की लिखित शिकायत थाने में दी।

### भाई ने बहन की सहेली को जबरन शराब पिलाई, फिर अश्लील वीडियो बनाकर किया रेप

**अमरोहा.** अमरोहा से एक मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक युवक ने अपनी बहन की सहेली को जबरन शराब पिलाकर उसका वीडियो बना लिया। फिर इसे वायरल करने की धमकी देते हुए उसके साथ रेप किया। ये मामला हसनपुर तहसील के आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। बताया जा रहा है कि गांव की रहने वाली 17 साल की किशोरी की अपनी हमउम्र एक सहेली के घर आना जाना था। आरोप है कि इसी दौरान सहेली के भाई ने किशोरी को जबरन शराब पिलाने के साथ ही उसका गुपचुप वीडियो भी बना लिया। इसके बाद आरोपी ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए किशोरी से दुष्कर्म किया।

### कमरे में सो रही थी पत्नी, तभी उस्तरा लेकर पहुंच गई प्रेमिका; रेत दिया गला

वाराणसी के चोलापुर में प्रेमिका ने मंगलवार को सोते समय अपने प्रेमी की पत्नी का गला उस्तरे से रेत दिया। लहूलुहान विवाहिता को परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर ले गये। वहां से उसे कबीरचौरा मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। विवाहिता की हालत खतरे से बाहर है। गड़सरा गांव के बबलू अंसारी का गांव की एक युवती से कई साल से प्रेम संबंध था। इसे लेकर दोनों के परिजन नाराज थे। दोनों का मेलजोल बंद करने के लिए कुछ महीने पहले युवती के परिजन उसे लेकर रिश्तेदार के घर चले गये। इस बीच दो महीने पहले बबलू अंसारी के घरवालों ने उसकी शादी आजमगढ़ के महुली (मेंहनगर) की रोशन जहां से करा दी। उधर, प्रेमी की शादी के बाद युवती के परिजन उसे लेकर वापस गांव लौट आए।

# महिला उत्पीड़न मामलों में आरोपी हैं 151 सांसद-विधायक

- बंगाल के माननीय सबसे ज्यादा दागदार

**नई दिल्ली.** देश में 151 मौजूदा सांसदों और विधायकों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। हाल ही आई रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पश्चिम बंगाल के सांसदों और विधायकों की संख्या सबसे अधिक जो महिलाओं के उत्पीड़न से जुड़े मामलों में आरोपी हैं। असोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (न्यूज) द्वारा बुधवार को जारी की गई रिपोर्ट के इस आंकड़े का खुलासा किया गया है। एडीआर ने 2019 और 2024 के बीच चुनावों के दौरान निर्वाचन आयोग को सौंपे गए मौजूदा सांसदों और विधायकों के 4,809 हलफनामों में से 4,693 की जांच की। जिसके बाद महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों का सामना कर रहे 16 सांसदों और 135 विधायकों को चिह्नित किया गया।



**भाजपा के नेता के सबसे अधिक दागी**

रिपोर्ट के अनुसार, राजनीतिक दलों में सबसे अधिक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 54 सांसद और विधायक हैं, जिनके खिलाफ महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामले हैं। इसके बाद कांग्रेस के 23 और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के 17 सांसद-विधायक हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों के ही पांच-पांच मौजूदा सांसद-विधायक बलात्कार के आरोपों का सामना कर रहे हैं।

#### टॉप पर है पश्चिम बंगाल

रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित आरोपों का सामना कर रहे 25 सांसदों और विधायकों के साथ पश्चिम बंगाल शीर्ष पर है, जिसके बाद आंध्र प्रदेश में 21 और ओडिशा में 17 सांसद-विधायक हैं। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार और हत्या तथा ठाणे में दो बच्चियों के यौन उत्पीड़न की घटनाओं को लेकर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, 16 मौजूदा सांसद और विधायक ऐसे हैं, जिन्होंने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 के तहत बलात्कार से संबंधित मामलों की जानकारी दी है, जिसके लिए न्यूनतम 10 साल की सजा का प्रावधान है और इसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है। इनमें से दो सांसद और 14 विधायक हैं। आरोपों में एक ही पीड़िता के खिलाफ बार-बार अपराध की घटनाएं भी शामिल हैं, जो इन मामलों की गंभीरता को और अधिक रेखांकित करता है।चुनाव सुधार के लिए काम करने वाली संस्था एडीआर ने राजनीतिक दलों को आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को टिकट देने से परहेज करने की आवश्यकता पर जोर दिया, खासकर उन लोगों को जिन पर बलात्कार और महिलाओं के खिलाफ अन्य अपराधों के आरोप हैं। रिपोर्ट में सांसदों-विधायकों के खिलाफ अदालती मामलों की त्वरित सुनवाई तथा पुलिस द्वारा पेशेवर तरीके से और गहन जांच सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया है।

# बेटे की 'इच्छामृत्यु' के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे मां-बाप

- CJI चंद्रचूड़ की पीठ ने केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली.** अपने इकलौते बेटे की 'इच्छामृत्यु' को लेकर मां-बाप ने सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि उनका 30 वर्षीय बेटा सिर में चोट लगने के बाद 2013 से अस्पताल में अचेतास्था (वेजिटेटिव स्टेट) में है। वे पिछले 11 साल से उसके ठीक होने की आस लगाए बैठे हैं। लेकिन बढ़ते खर्च और डॉक्टरों द्वारा ठीक होने की कम संभावना के कारण अब बेटे को 'इच्छामृत्यु' देने की मांग कर रहे हैं।

मां-बाप ने याचिका में अनुरोध किया कि उनके बेटे को लगाई गई राइल्स ट्यूब को हटाने के लिए एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाए, जिससे उसे निष्क्रिय इच्छामृत्यु मिले और जो पीड़ा वह झेल रहा है उससे राहत दिलाई जा सके। राइल्स ट्यूब एक डिस्पोजेबल ट्यूब है जिसे नाक के माध्यम से पेट में डाला जाता है, जिससे नासोगैस्ट्रिक ट्रैक्ट तक पहुंच मिलती है। इसका इस्तेमाल भोजन और दवा दोनों को पेट तक पहुंचाने के लिए किया जाता है।

हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने 'इच्छामृत्यु' देने से इनकार कर दिया और इसके साथ ही दंपति की याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ₹राइल्स ट्यूब को हटाना निष्क्रिय इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेंसिया) का हिस्सा नहीं है। अगर राइल्स ट्यूब को हटा दिया जाता है, तो मरीज भूखा मर जाएगा।₹ इसने सरकार से यह भी पूछा कि ₹कृपया पता लगाएं कि क्या कोई संस्था इस व्यक्ति की देखभाल कर सकती है₹। शीर्ष अदालत ने कहा कि निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति देने के बजाय वह मरीज को उपचार और देखभाल के लिए सरकारी अस्पताल या इसी तरह के स्थान पर स्थानांतरित करने की संभावना तलाशेगी।

सीमित आय के बावजूद, माता-पिता (62 वर्षीय अशोक राणा और 55 वर्षीय निर्मला देवी) ने अपने बेटे को बचाने के लिए बहुत संघर्ष किया। उनका बेटा सिविल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन की पढ़ाई के दौरान मोहाली में एक पेइंग गेस्ट (PG) की चौथी मंजिल से गिर गया था। वह सिर में गंभीर चोट और क्वाड्रिप्लेजिया (100% विकलांगता) से पीड़ित था। उनके वकील ने मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ को बताया कि पिता की बेहद कम पेंशन परिवार का खर्च उठाने के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्हें अपने बेटे के बढ़ते मेडिकल खर्चों को पूरा करने के लिए 2021 में अपना घर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# 2 ACP समेत 3 पुलिस अफसर सस्पेंड

- कोलकाता रेप-मर्डर केस
- CISF ने अस्पताल की सुरक्षा संभाली
- पूर्व प्रिंसिपल के खिलाफ ED जांच की मांग की

**कोलकाता.** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर की रेप और मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आरजी कर मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा CISF ने अपने हाथ में ले ली है। CISF के अधिकारी बुधवार को अस्पताल पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

15 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में देर रात हजारों की भीड़ ने हमला कर दिया था। भीड़ ने अस्पताल में तोड़फोड की थी। इस मामले में कोलकाता पुलिस ने बुधवार को 3 पुलिस अधिकारियों का सस्पेंड कर दिया है। इसमें दो असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर भी शामिल हैं।

उधर, आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व डिप्टी सुपरिनटैंडैंट अख्तर अली ने आज कलकत्ता हाईकोर्ट में पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के खिलाफ याचिका लगाई है। अली ने घोष पर कार्यकाल के दौरान वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया है और ED से जांच कराने की मांग की है। सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार से कानून बनाने की मांग कर रहे डॉक्टरों का प्रदर्शन 10वें दिन भी जारी है। कोलकाता, दिल्ली और अन्य शहरों में भी डॉक्टरों ने आज काम नहीं किया। AIIMS दिल्ली ने डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए कमेटी बनाई है।

### मुख्य डाकघर में CBI छापा, अधीक्षक ने खुद को गोली से उड़ाया

**बुलंदशहर.** बुलंदशहर के मुख्य डाकघर में सीबीआई के छापे से घबराए पोस्ट ऑफिस के सुपरिटेंडेंट ने बुधवार सुबह गोली मार कर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले सुसाइड नोट लिखकर दफ्तर के व्हाट्सएप ग्रुप पर भी डाला है। इसमें कई कर्मचारियों का नाम लिखकर अपनी मौत के लिए जिम्मेदार बताया है। सीबीआई गाजियाबाद की एंटी करप्शन टीम ने मंगलवार शाम लगभग चार बजे बुलंदशहर नगर स्थित मुख्य डाकघर पर पहुंची और डाकघर परिसर में छापा मार कार्यवाही शुरू की थी।

### आम सूचना

मैं श्री चंद्रभूषण लालमणी जयस्वार सभी को सूचित कर रहा हूं कि आधा हिस्सा रुम का, 144.5 चौ.फुट, हनुमान नगर, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 19बीओ016281100(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सोमरी देवी लालमणी जयस्वाल के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 23.7.2024 सी.नं. 1672 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री चंद्रभूषण लालमणी जयस्वार**

# नाबालिग का बार-बार पीछा करना और प्यार का इजहार यौन उत्पीड़न जैसा...

- हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

**मुंबई.** POCSO एक्ट से जुड़े मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत का कहना है कि अगर एक लड़का प्यार का इजहार करने के लिए लगातार किसी नाबालिग लड़की का पीछा करता है, तो इसे यौन उत्पीड़न के समान माना जाएगा। नागपुर बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही थी और कोर्ट ने अपीलकर्ता को स्टॉकिंग (IPC के तहत) और POCSO के तहत यौन उत्पीड़न का दोष बरकरार रखा है।

जस्टिस गोविंद सनप ने 4 फरवरी 2021 को अमरावती की एक कोर्ट के फैसले बरकरार रखा है। लाइव लॉ के अनुसार, 8 अगस्त को सुनाए गए फैसले में जज ने कहा है कि पीड़िता ने अपने सबूत में आरोपी के आचरण और बर्ताव के बारे में बताया है। उन्होंने कहा, 'पीड़िता का सबूत यह साबित करने के लिए काफी है कि आरोपी बातचीत के इरादे से उसका लगातार पीछा कर रहा था। जबकि, वह साफ संकेत दे चुकी थी कि उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है।'

उन्होंने आगे कहा, 'पीड़िता का सबूत आगे भी यह साबित करने के लिए पर्याप्त है कि आरोपी उसका यौन शोषण कर रहा था।' जज ने कहा कि बताया गया आरोपी का व्यवहार और आचरण उसकी मंशा को दिखाने के लिए काफी था। उन्होंने कहा, 'आरोपी बार-बार पीड़ित लड़की का पीछा कर रहा था। वह उससे बात करना चाहता था। वह उसके साथ प्रेम संबंध रखना चाहता था। उसने पीड़िता के लिए अपने प्रेम का इजहार किया था और कहा था कि पीड़िता उसके प्यार को मानेगी और हां कह देगी।'

जज ने कहा, 'मेरे विचार में आरोपी की मंशा उसके आचरण से नजर आ रही थी। उसकी मंशा अच्छी नहीं थी।' पीड़िता के सबूत देखने के बाद कोर्ट ने पाया कि पीड़िता ने अपने स्तर पर शुरुआत में आरोपी से बचने की कोशिश की और यह भी बताने की कोशिश की थी कि वह उसमें दिलचस्पी नहीं रखती है। हालांकि, आरोपी नहीं माना और 19 अगस्त 2017 को जब पीड़िता ने आरोपी को थप्पड़ मारा और अपनी मां को बताया, तब FIR दर्ज की गई थी।

# एयरक्राफ्ट से बम जैसी चीज गिरने से तेज धमाका

- पोकरण फायरिंग रेंज में 8 फीट गहरा गड्ढा बना
- एयरफोर्स ने जांच के आदेश दिए

**जैसलमेर.** राजस्थान में जैसलमेर के रामदेवरा इलाके में बुधवार, 21 अगस्त को एयरफोर्स के फाइटर एयरक्रॉफ्ट से बम जैसी चीज गिरने से तेज धमाका हुआ। पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में 8 फीट गहरा गड्ढा हो गया।

घटना आबादी से दूर सुनसान इलाके में हुई है। इससे कोई जनहानि नहीं हुई है। इस घटना के बाद पुलिस अलर्ट मोड में आ गई।

राठोड़ा गांव के खिंव सिंह ने बताया कि घटना बुधवार दोपहर करीब 12 बजे की है। गांव के ऊपर से बहुत कम ऊंचाई में एक एयरक्राफ्ट उड़ रहा था। इसी दौरान गांव की आबादी से करीब एक किलोमीटर दूर जोरदार धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे।

पोकरण एएसपी गोपाल सिंह भाटी ने बताया, 'घटना की सूचना पर रामदेवरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आर्मी, बीएसएफ सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों को इसके बारे में जानकारी दी है।

### आम सूचना

मैं श्री हौशीला प्रसाद रामव्रिक्ष राम सभी को सूचित कर रहा हूं कि आधा हिस्सा रुम का, 144.5 चौ.फुट, हनुमान नगर, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 19बीओ016281100(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सोमरी देवी लालमणी जयस्वाल के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 30.7.2024 सी.नं. 1669 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री हौशीला प्रसाद रामव्रिक्ष राम**

### आम सूचना

मैं मिस चन्दा खुशालसिंह धामी सभी को सूचित कर रही हूं कि गोडाऊन सामने अशोक प्रेस, सोना मार्बल के सामने, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 27बीआय004834200) उक्त प्रॉपर्टी श्री नंदकिशोर श्रीराम पांडेय के नाम पर है। उनसे सीए. मिस चन्दा खुशालसिंह धामी सेल एग्रीमेंट दि. 14.8.2024 सी.नं. 6/323 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**मिस चन्दा खुशालसिंह धामी**

### आम सूचना

हम श्रीमती भारती रमेश हिंदुजा व श्री विजय रमेश हिंदुजा सभी को सूचित कर रहे हैं कि बैक पोर्शन आफ शॉप नं. 40-ए, ग्राऊंड फ्लोर, प्लाट नं. 374, जापानी बाजार, मनीष मार्केट के सामने, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 22बीआय018149100(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री रवि गेरीमल देवनानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 12.6.2015 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती भारती रमेश हिंदूजा**
**व श्री विजय रमेश हिंदूजा**

# जय शाह बन सकते हैं ICC चेयरमैन

- नॉमिनेशन के लिए 6 दिन बाकी
- मौजूदा चेयरमैन का कार्यकाल 30 नवंबर को खत्म होगा



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के सेक्रेटरी जय शाह इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) के अगले चेयरमैन हो सकते हैं। उनकी दावेदारी मजबूत मानी जा रही है।

ICC के मौजूदा चेयरमैन ग्रेग बार्कले का कार्यकाल 30 नवंबर को खत्म हो रहा है। बार्कले ने मंगलवार को कहा कि वे तीसरा कार्यकाल नहीं चाहते हैं।

इसके बाद BCCI सेक्रेटरी जय शाह के ICC चेयरमैन बनने की चर्चा तेज हो गई है। हालांकि अभी BCCI और जय शाह की ओर से इसको लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। ICC ने मंगलवार को जारी बयान में कहा, 'ICC के चेयरमैन ग्रेग बार्कले ने पुष्टि की है कि वे तीसरे कार्यकाल के लिए उम्मीदवार नहीं होंगे और नवंबर के अंत में अपना मौजूदा कार्यकाल खत्म होने पर पद छोड़ देंगे।'

#### 27 अगस्त नामांकन की आखिरी तारीख

ICC के चेयरमैन के नामांकन के लिए 27 अगस्त आखिरी तारीख है। ICC चेयरमैन का कार्यकाल दो साल का होता है। वह लगातार तीन बार तक इसके चेयरमैन हो सकते हैं। न्यूजीलैंड के बार्कले नवंबर 2020 में ICC के चेयरमैन बने थे। इसके बाद वे 2022 में दोबारा इस पद पर चुने गए।

#### ICC के 16 डायरेक्टर, इनमें से 9 के वोट चेयरमैन बनने के लिए जरूरी

ICC के नियमों के अनुसार चेयरमैन के चुनाव में 16 डायरेक्टर वोट देते हैं। ऐसे में चेयरमैन बनने के लिए 9 वोट मिलना आवश्यक है। इससे पहले चेयरमैन बनने के लिए दो-तिहाई बहुमत होना आवश्यक था।

जय शाह के चेयरमैन बनने को लेकर चर्चा इसलिए की जा रही है, क्योंकि BCCI सचिव के रूप में शाह का एक साल का कार्यकाल बचा है। BCCI के संविधान के अनुसार कोई पदाधिकारी तीन साल की कूलिंग ऑफ पीरियड से पहले छह साल तक पद पर रह सकता है।

# रक्षाबंधन का पावन पर्व उत्साह से संपन्न







- बहनों ने भाई संग भाभी को भी बांधी राखी

**भिवंडी.** भाई-बहन के आपसी प्रेम, विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन का पावन पर्व भाई-बहनों द्वारा असीम प्रेमभाव से मनाया गया. बहनों द्वारा प्यारे भाई के साथ ही प्यारी भाभियों की कलाई पर भी प्यार,विश्वास की प्रतीक राखी बांधा. भाइयों ने बहनों को जीवन पर्यंत सुरक्षा का वचन दिया.

रक्षाबंधन के पावन मौके पर बहनों ने दूरदराज शहरों में रहने वाले भाइयों के घर जाकर भाई को टीका लगाकर आरती उतारी और मिठाई खिलाकर राखी बांधी.रक्षाबंधन त्योहार में बहनों ने उपहार स्वरूप भाइयों की जेब ढीली करने में कोई कसर नहीं छोड़ी. कांदीवली निवासी भाई इंजीनियर अमित सिंह को राखी बांधने भिवंडी से मायके गई वीना सिंह ने भाई अमित सिंह को राखी बांधने के साथ ही अपनी शिक्षिका भाभी सानिका सिंह के हाथ पर भी प्यार की राखी बांधते हुए दोनों से सुरक्षा का वचन लिया. शिक्षिका भाभी सानिका सिंह ननद वीना सिंह द्वारा राखी बांधे जाने पर अपार खुशी का इजहार करते हुए सदा साथ निभाने का भरोसा दिया.शिक्षिका निशा सिंह ने भी भाई अमित सिंह एवम भाभी सनिका को राखी बांधी. प्रोफेसर अरुण सिंह को मल्टीनेशनल कंपनी एचआर बहन वर्षा सिंह ने राखी बांधकर नकद उपहार प्राप्त किया. कुमारी इशिता अमित सिंह ने भाई आदित्य सिंह को राखी बांधकर, मिठाई खिलाई और मनपसंद गिफ्ट प्राप्त किया.

### क्या LMV ड्राइविंग लाइसेंस से ट्रांसपोर्ट व्हीकल चला सकते हैं!

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट बुधवार को लाइट मोटर व्हीकल (LMV) लाइसेंस से जुड़े एक मामले की सुनवाई दोबारा शुरू करने को राजी हुई है। इस केस में यह तय किया जाना है कि क्या LMV चलाने का लाइसेंस रखने वाले शख्स को 7,500 kg से कम वजन वाले ट्रांसपोर्ट व्हीकल को चलाने की इजाजत होगी।

दरअसल इस सवाल के चलते कई विवाद खड़े हो रहे हैं। इंश्योरेंस कंपनियां ऐसे क्लेम के पेमेंट पर सवाल उठा रही हैं, जिसमें LMV लाइसेंस धारकों के ट्रांसपोर्ट व्हीकल चलाने से एक्सीडेंट हुआ हो। मामले में पिछली सुनवाई 16 अप्रैल को हुई थी।

केंद्र की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा था कि मोटर व्हीकल एक्ट 1998 में संशोधन के लिए सुझाव लगभग तैयार हैं, उन्हें सिर्फ संसद में पेश किया जाना है।

### आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री शंकरलाल पहलाजराय नागरानी, श्री सचिन शंकर नागरानी, श्रीमती वनिता शंकरलाल नागरानी व श्री भीष्म शंकरलाल नागरानी ने भगवंती निवास, ब्लॉक नं. सी-30, रुम नं. 111, स्वीमिंग पुल के सामने, उल्हासनगर- 421003, क्षेत्रफल 534 स्क्वायर यार्ड है। (टैक्स नं. 29सीओ005210700) इस जायदाद के बिक्री का सौदा श्री श्रीचंद त्रिलोकचंद टेकचंदानी अल्यास मनयार, श्री दुरुपति टेकचंदानी अल्यास मनयार, श्री नरेश टेकचंदानी अल्यास मनयार व श्री गिरधर टेकचंदानी अल्यास मनयार के साथ किया है। अगर उपरोक्त जायदाद के बारे में किसी हिस्से के लिए किसी भी व्यक्ति को मोरोसी हक, वास्ता जैसे कि बिक्री नामा, गिरवी नामा, बक्षीस नामा, वसीयत नामा व कब्जा इत्यादि हो तो अथवा किसी भी व्यक्ति या संस्था/बैंक को ऐसे दूसरे किसी किस्म की आपत्ति (ऐतराज) हो वह लेखी में पूरे सबूतों के साथ इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पत्ते पर अपनी आपत्ति सबूतों के साथ समय पर भेजे। अन्यथा दूसरी हालत में आम सूचना के समय पूरे होने के बाद उपरोक्त कोई भी आपत्ति या दावा सुना नहीं जाएगा।

सही/-
**एड. पिंकी बुधवानी**
शॉप नं. 2, लासी हॉल के पास,
हेमराज डेयरी रोड, उल्हासनगर-1

# प्रोफ़ेसर डॉ. विकास त्रिवेदी अमेरिका में सम्मानित

- अंतरराष्ट्रीय स्कालरशिप सम्मान दिया गया

**प्रयागराज।** प्रयागराज में पन्ना लाल रोड पर कंपनी गार्डेन के समीप स्थित श्री हरि आर्थोपेडिक्स केंद्र के निदेशक प्रोफेसर डॉक्टर विकास त्रिवेदी को अंतरराष्ट्रीय स्कालरशिप से सम्मानित किया गया। हड्डी और जोड़ रोग विशेषज्ञ त्रिवेदी को यह पुरस्कार अमेरिकन आर्थरोस्कोपी एसोसिएशन ऑफ़ नार्थ अमेरिका ( AANA ) के वार्षिक सम्मेलन में दिया गया।




प्रयागराज में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में इस बारे में जानकारी देते हुए प्रोफेसर त्रिवेदी ने बताया कि यह दुनिया का घुटना एवं कंधा की दूरबीन सर्जरी का सर्वश्रेष्ठ सम्मेलन रहा। इसमें सम्मिलित होकर घुटने की लिगामेंट सर्जरी एवं कार्टिलेज सर्जरी की नवीनतम तकनीक का अध्ययन किया। इस तकनीक से भारत तथा प्रयागराज में चोटों से ग्रसित मरीज़ों का विश्वस्तरीय इलाज संभव होगा ।

डॉक्टर त्रिवेदी ने बताया कि लिगामेंट एवं कार्टॉलेज की चोटें स्पोर्ट्स इंज्यूरीज व बाइक एक्सीडेंट में काफ़ी सामान्य है । इनका त्वरित एवं कुशल ऑपरेशन दूरबीन विधि से संभव है और नवीनतम तकनीक से रिकवरी बेहतरीन हो जाती है ।

कंधे के जोड़ के बार बार सरकने / हटने / डिस्लोकेशन का भी आर्थरोस्कोपिक सर्जरी से सफलता से इलाज किया जाता है। कंधे के रोटेटर कफ मॉंसपेसी के फटने का भी दूरबीन विधि से इलाज किया जाता है ।

## संक्षेप...

### बदलापुर की घटना के खिलाफ नवी मुंबई में विरोध प्रदर्शन

**नवी मुंबई.** बदलापुर में 2 स्कूली छात्राओं के साथ हुई दरिंदगी की घटना के विरोध में वाशी के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर शिवसेना (यूबीटी) की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया. जिला प्रमुख विठ्ठल मोरे के मार्गदर्शन में किए गए इस विरोध प्रदर्शन सैकड़ों शिवसैनिकों और नागरिकों ने भाग लेकर महायुति सरकार के खिलाफ नारे लगाए. उक्त विरोध प्रदर्शन के दौरान दोनों बच्चियों पर अत्याचार करने वाले आरोपियों, उसे बचाने वाले स्कूल प्रबंधन और पुलिस के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई.

# मैंने कभी कांग्रेस के लिए द्वेष नहीं रखा : उद्धव

■ **महाराष्ट्र में जुटे INDI अलायंस के नेता**

**मुंबई.** आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर आज INDI गठबंधन के नेताओं ने अहम रैली की है। मुंबई कांग्रेस की रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, उद्धव ठाकरे और शरद पवार समेत कई अन्य बड़े नेताओं ने भाग लिया है। इस सभा में विपक्षी गठबंधन ने पीएम मोदी और केंद्र की भाजपा सरकार पर भी जमकर निशाना साधा है। आइए जानते हैं कि रैली में किस नेता ने क्या कहा है।

शिवसेना यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सभा में कहा कि आज मैंने खुद को चुटकी काटकर देखा कि मैं सही में कांग्रेस के कार्यक्रम में शामिल हुआ क्या? फिर मैंने वह कांग्रेस का स्कार्फ पहनकर सम्मान किया। इसे जानबूझकर पहना ताकि कल इसकी फोटो आए। उद्धव ने आगे कहा कि मैं पहले कांग्रेस का विरोध करता था पर बदले की भावना या द्वेष मन में नहीं था। उद्धव ने कहा कि बालासाहब राजीव गांधी पर टीका टिप्पणी करते थे पर तब कभी हमारे घर ED CBI नहीं आयी। राजीव गांधी सभ्य सुशील व्यक्ति थे। उदेधव ने आगे कहा कि राजीव गांधी ने भी वैक्सीन लाई पर उसपर अपना फ़ोटो नहीं लगाया। राहुल गांधी को 15 अगस्त के दिन पीछे की सीट दी। इनका दिल बड़ा नहीं। दिलदार, बड़े मन से राजनीति अब नहीं होती।



■ **हमारी बेटियों की सुरक्षा चाहिए- अलका लांबा**

कांग्रेस नेता अलका लांबा ने कहा कि महाराष्ट्र के बदलापुर में एक छोटी बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ। ये स्कूल में हुआ जो सबसे सुरक्षित स्थान होता है। पश्चिम बंगाल में अस्पताल में डॉक्टर से बलात्कार हुआ। इतनी हिम्मत कहां से आती है? बीजेपी के सरकार में हिम्मत बढ़ती है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ नारा बीजेपी देती है। महिला पहलवानों के साथ क्या हुआ? चुनाव है तो योजनाएं घोषित हो रही हैं। हमें नहीं चाहिए आपके हजार-पंद्रह सौ रुपये। हमारी बेटियों की सुरक्षा चाहिए।

**नेहरू परिवार से नफरत क्यों है?- शरद पवार**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने भी रैली में भाषण दिया। उन्होंने कहा कि जिनके हाथ में आज सत्ता है उनको नेहरू परिवार से नफरत क्यों है? पार्लियामेंट में हम देखते हैं। शरद पवार ने कहा कि राजीव गांधी का मुंबई के साथ नाता था। उनकी हत्या के एक दिन पहले वह मेरे घर मुंबई में रुके थे।

■ **महाराष्ट्र में MVA की सरकार जरूरी- खरगे**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बीजेपी ने महाराष्ट्र, कर्नाटक, मणिपुर, गोवा, उत्तराखण्ड सब जगह सरकारें गिराईं। बाहर ये लोग बात करते हैं कि हम संविधान के रक्षक हैं लेकिन विधायक सांसदो को तोड़ते हैं। फिर भी इंडी अलायंस ने उनको मुंहतोड़ जवाब दिया और 240 सीटों पर रोका। खरगे ने कहा कि महाराष्ट्र में महाविकास अघाडी की सरकार लाना जरूरी है। महाराष्ट्र की सरकार यहां महाराष्ट्र से चलनी चाहिए न कि दिल्ली के इशारे पर। खरगे ने कहा कि आज इंडिया गठबंधन मजबूत है इसलिए पीएम मोदी मनमाने कानून नहीं ला सकते। वक़्फ़ का कानून वापस लेना पड़ा। हम जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं।

# आदर्श स्कूल पर शिक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

■ **मंत्री केसरकर का आदेश**

**मुंबई.** बदलापुर के आदर्श विद्या मंदिर में जो हुआ वह बेहद घृणित था। इस प्रकार की देरी अक्षम्य थी. शिक्षा उपनिदेशक को जांच के आदेश दिए गए। हमें वह रिपोर्ट मिल गई है और हमारे विभाग के निदेशक ने इस स्कूल के लिए एक प्रशासक नियुक्त कर दिया है। शिक्षा विभाग जो कार्रवाई करना चाहता था, वह पूरी हो गयी है. शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने बताया कि प्रशासक स्कूल का कार्यभार संभालेंगे.



मंत्रालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दीपक केसरकर ने कहा कि महाराष्ट्र में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अलग-अलग कदम उठाने की समीक्षा की गई है. सीसीटीवी कैमरे, शिक्षकेतर कर्मचारियों की नियुक्ति में सावधानियां, शिकायत पेटिका, सखी सावित्री समिति के प्रावधानों का अनुपालन, छात्र सुरक्षा समिति का गठन. उन्होंने कहा कि अगर ऐसे मामलों को दबाने की कोशिश की गयी तो संबंधित स्कूल के प्राचार्य और समिति सदस्यों पर कार्रवाई की जायेगी.

इसके अलावा महाराष्ट्र में सख्ती लागू की गई है. शिक्षा विभाग जो कार्रवाई करना चाहता था, वह पूरी हो गयी है. संचालक विद्यालय का कार्यभार संभालेंगे। स्थानीय प्राधिकार वहां का प्रशासक होगा. यदि संगठन अपील करना चाहता है, तो उन्हें उत्तर देने की अनुमति है। विद्यार्थियों को कोई परेशानी न हो इसका ख्याल शिक्षा विभाग रख रहा है. किसी भी संस्था पर प्रशासक थोपना एक बड़ी सजा है। सखी सावित्री एक बाल सुरक्षा कार्यक्रम है। योजना में विस्तार से बताया गया है कि कैसे कार्यक्रम बच्चों से छेड़छाड़ किए बिना शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करेगा। केसरकर ने यह भी कहा कि चूंकि इसे लागू करने की जिम्मेदारी शिक्षा विभाग की है, इसलिए सभी शिक्षा निदेशकों, उप निदेशकों और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है कि कोई कमी नहीं होगी.

# ठाणे शहर दैनिक पत्रकार संघ ने किया वामन म्हात्रे निषेध

**जिलाधिकारी को मुकदमा दर्ज कराने का निवेदन**

**ठाणे.** ठाणे शहर दैनिक पत्रकार संघ की ओर से अंबरनाथ के पूर्व मेयर वामन म्हात्रे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया, जिन्होंने बदलापुर में लड़कियों के साथ बलात्कार की घटना पर नज़र रखने वाली महिला पत्रकारों के लिए अश्लील शब्दों का इस्तेमाल किया था। इस व्यवहार के लिए वामन म्हात्रे के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग करते हुए ठाणे शहर दैनिक पत्रकार संघ की ओर से एक ज्ञापन रेजिडेंट कलेक्टर संदीप माने को सौंपा गया था।



स्थानीय पत्रकार मोहिनी जाधव एक पत्रकार के तौर पर बदलापुर के एक स्कूल में दो लड़कियों के साथ हुई छेड़छाड़ के मामले को फॉलो कर रही थीं. उस समय शिवसेना शिंदे गुट के नेता और अंबरनाथ के पूर्व महापौर वामन म्हात्रे ने पत्रकार जाधव से शर्मसार करने वाली अभद्र भाषा में बातचीत की थी. पुलिस तंत्र इस व्यवहार के लिए म्हात्रे के खिलाफ मामला दर्ज करने में अनिच्छुक है। इस पृष्ठभूमि में, म्हात्रे के व्यवहार और बयान के विरोध में ठाणे शहर दैनिक पत्रकार संघ की ओर से ठाणे कलेक्टर कार्यालय के सामने काला रिबन लटकाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस समय पत्रकारों ने म्हात्रे के विरोध की घोषणा की और पुलिस से उचित कार्रवाई करने की मांग की. ठाणे सिटी डेली जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद कांबले, महासचिव नीलेश पानमंड, कार्यकारी अध्यक्ष विकास काटे, उपाध्यक्ष दीपक शेलार, दिलीप शिंदे, कोषाध्यक्ष विभव बिरवटकर, सदस्य अनुपमा गुंडे, प्रज्ञा म्हात्रे, सारिका सालुखे, जयश्री शेट्टी, श्रद्धा कमंडलकर, नम्रता सूर्यवंशी, संपदा शिंदे, गणेश पारकर, धनेश पाटिल, वीरेंद्र मिश्रा आदि पत्रकार भाई-बहन शामिल हुए।

# राकांपा के तीज मेले में हजारों ने की शिरकत

■ **राज्य महिला आयोग रुपाली चाकणकर भी हुई शामिल**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर राकांपा जिलाध्यक्ष भारत राजवानी (गंगोत्री) द्वारा 20-21 अगस्त को गोल मैदान के पास रॉयल हॉल में तीज मेले का आयोजन किया गया था जहां पर हजारों महिलाओं ने मेहंदी लगाकर इस मेले का लाभ उठाया। राकांपा महिला प्रदेशाध्यक्ष व राज्य महिला आयोग रुपाली चाकणकर भी महिलाओं का होंसला बढ़ाने हुई शामिल। उन्होंने सभी महिलाओं को तीज त्यौहार की बधाई दी और गंगोत्री व उनकी टीम के इस शानदार कार्यक्रम पर सराहना की। गंगोत्री अपनी पूरी टीम के साथ वहां उपस्थित थे और उन्होंने कहा कि हमारा मकसद इस पावन त्यौहार पर हर समाज शहर के हर कोने से शिरकत करने आयी उन महिलाओं इस मेले का लाभ मिल सके। मेहंदी कलाकारों ने इन दो दिनों में 2 हजार से अधिक महिलाओं को मेहंदी लगाई। मेले में शिरकत करने आयी महिलाओं को डिस्काउट कुपन भी दिए गए और वहां पर कलाकारों द्वारा उनको मनोरंजन भी किया गया था।






### 11 वर्षीय लड़की से छेड़छाड़ के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**ठाणे.** कलवा पुलिस ने छत्रपति शिवाजी महाराज (सीएसएम) अस्पताल परिसर में 11 वर्षीय लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोप में 42 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया।यह घटना तब हुई जब सीएसएम के डॉक्टर कोलकाता में एक डॉक्टर की हत्या और बलात्कार से जुड़े हालिया मामले के आलोक में न्याय और महिला डॉक्टरों के लिए बेहतर सुरक्षा के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

यह घटना तब प्रकाश में आई जब एक सुरक्षा गार्ड ने आरोपी प्रदीप शेलके को अस्पताल के बगीचे में लड़की के साथ बैठे और कथित तौर पर उसे अनुचित तरीके से छूते हुए देखा। जब उससे पूछताछ की गई तो शेलके ने दावा किया कि लड़की उसकी भतीजी है, लेकिन लड़की ने उसे जानने से इनकार कर दिया।

# खारघर में गोल्ड फर्म लूट का आरोपी गिरफ्तार

■ **साढ़े सात लाख का माल जब्त**

**नवी मुंबई:** खारघर में एक सोने की फर्म को लूटने के बाद भाग रहे चार आरोपियों को पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है. आरोपियों ने सेक्टर 35 स्थित बीएम ज्वेलर्स से बंदूक की नोक पर 11 लाख की ज्वेलरी चोरी की थी। इनके पास से वारदात में इस्तेमाल दोपहिया वाहन, दो बंदूकें और साढ़े सात लाख के आभूषण बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम मोहम्मद रिजवान अलीशेख (27), अजरुद्दीन हुस्नुद्दीन शेख (28), ताहा तनवीर परवेज सिंधी (21) और राजवीर रामेश्वर कुमावत (20) हैं। आरोपियों को गुजरात और राजस्थान से गिरफ्तार किया गया है. 29 जुलाई को रात करीब दस बजे ये आरोपी सेक्टर 35 खारघर में बीएम ज्वैलर्स की सोने की दुकान में गए और बंदूक की नोक पर 11 लाख 80 हजार रुपये के आभूषण लूट लिए.

आरोपियों के पास से हार, पेंडेंट, गोप चेन, गोल हार, चूड़ियां, कंगन, मंगलसूत्र, गोप वाली चेन जैसे कई आभूषण जब्त किए गए। वहीं, आरोपियों से दो देशी आग्नेयास्त्र, मैगजीन-2, जिंदा कारतूस-3 और अपराध में प्रयुक्त एक दोपहिया वाहन कुल 7 लाख 50 हजार रुपये जब्त कर लिया.

# SST कॉलेज में ठाणे जिला खेल समिति की वार्षिक बैठक संपन्न

## अध्यक्ष के रूप में प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी और सचिव के रूप में प्रोफेसर राहुल अकुल का चयन

**उल्हासनगर.** खेल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मुंबई विश्वविद्यालय के खेल और शारीरिक शिक्षा विभाग ने एसएसटी कॉलेज, उल्हासनगर के सहयोग से ठाणे जिला खेल समिति की पहली वार्षिक बैठक सफलतापूर्वक एसएसटी कॉलेज में आयोजित की। इस बैठक में 2024-25 कार्यकाल के लिए समिति का सर्वसम्मति से चयन किया गया, जो जिले में खेल गतिविधियों और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का कार्य करेगी।



मुंबई विश्वविद्यालय के खेल और शारीरिक शिक्षा निदेशक डॉ. मनोज रेड्डी की अध्यक्षता में यह बैठक संपन्न हुई। बैठक में ठाणे जोन खेल समिति 2024-25 के लिए अध्यक्ष डॉ. जे.सी. पुरस्वानी, प्राचार्य, एसएसटी कॉलेज, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. दिनेश काला, आरकेटी कॉलेज, ठाणे जोन सचिव राहुल अकुल, एसएसटी कॉलेज, सहायक सचिव (जोन) उमेश सोनावणे, साकेत कॉलेज, अंतर-महाविद्यालयीन सचिव सतीश राजगुरु, आरकेटी कॉलेज, सहायक सचिव (अंतर-महाविद्यालयीन) गणेश मोरे की नियुक्ति की गई. इसके अलावा ठाणे जोन सदस्य के रूप में विजय सिंह (अग्रवाल कॉलेज), बालकृष्ण मेढेकर, (एस.पी. ज्ञानसाधना कॉलेज), रोहिणी डोंबे (जोशी बेडेकर कॉलेज) को चुना गया. वहीं विशेषज्ञ सदस्य के रुप में डॉ. यद्नेश्वर बागराव (बिरला कॉलेज), प्रमोद पारसी (सेंच्युरी स्कूल) एवं मुंबई विश्वविद्यालय खेल मंडल सदस्य के रूप में डॉ. चंद्रकांत म्हात्रे (बीएनएन कॉलेज) की नियुक्ति की गई. इस बैठक में विभिन्न संस्थानों के 70 खेल शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नवगठित समिति ने जिला और महाविद्यालय स्तर पर खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए भविष्य की योजनाओं और सहयोगों के प्रति उत्साह व्यक्त किया।


www.ulhasvikas.com
उल्हास वि NEWS
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas


# श्रद्धा कपूर ने तोड़ा PM नरेंद्र मोदी का रिकॉर्ड

■ **इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वालीं तीसरी भारतीय बनीं**

फिल्म स्त्री 2 के ब्लॉकबस्टर होने से सुर्खियों में बनी हुईं एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने सोशल मीडिया पर नया रिकॉर्ड कायम किया है। हाल ही में उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुल 91.5 मिलियन फॉलोवर्स हो चुके हैं। इस संख्या के साथ श्रद्धा कपूर अब भारत के प्रधानमंत्री को पीछे करते हुए सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वालीं तीसरी भारतीय बन चुकी हैं। श्रद्धा कपूर से पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले इंडियन की लिस्ट में तीसरे नंबर थे। उनके 91.3 मिलियन फॉलोवर्स थे, हालांकि स्त्री 2 की रिलीज के बाद से ही श्रद्धा कपूर के फॉलोवर्स में लगातार इजाफा हो रहा था। अब उनके फॉलोवर्स 91.5 मिलियन हो चुके हैं। फिलहाल वो इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाली भारतीयों में तीसरे नंबर पर हैं। फिलहाल श्रद्धा कपूर इस लिस्ट में प्रियंका चोपड़ा से पीछे हैं, हालांकि जल्द ही वो प्रियंका को पीछे कर सकती हैं। बताते चलें कि 15 अगस्त को श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री 2 सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म में उनके साथ राजकुमार राव और पंकज त्रिपाठी अहम किरदारों में नजर आ रहे हैं।









Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you

| | |
|---|---|
| Pageviews yesterday | 2,763 |
| Pageviews last month | 76,471 |
| Pageviews all time history | 1,007,712 |
| Followers | 168 |


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099